

Ludhiana
Covid Update
New case - 5
Active case - 30
Home isolation -30

RNI No. PUNBIL/2014/59416

# UTURN TIME यूटर्न टाईम

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA




VOL:01 | ISSUE:107 | MONDAY, DATE: 02-05-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

हादसों वाला बाइपास: दुगरी पुल पर बेकाबू ट्राले ने कुचल डाली कार, कार चालक गंभीर रूप से घायल

# सदर्न बाइपास पर कई जगह तकनीकी खामियां वॉटरफ्रंट बनाने पर रहा जोर, हाइवे बनाया तंग

लुधियाना / यूटर्न / 2 मई। सदर्न बाइपास वाकई हादसों वाला हाइवे बन चुका है। इस पर तकनीकी खामियों के चलते रविवार आधी रात के बाद दुगरी पुल पर बड़ा हादसा हो गया। लोडेड ट्राले ने बेकाबू होकर क्रेटा कार को इतनी जबरदस्त टक्कर मारी कि वो चकनाचूर हो गई। हादसे से क्रेटा चालक बुरी तरह गंभीर घायल हो गया। घटना स्थल से गुजरते मौजूद लोगों ने फोन कर मौके पर एंबुलेंस मंगवा उसे अस्पताल भेजा। जबकि हादसा होते ही ट्राला चालक भाग गया। हादसे होने के कारण सोमवार को भी बाईपास पर जाम की स्थिति बनी रही। सुबह थाना दुगरी की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाने का काम शुरू कराया। थाना दुगरी के एसएचओ नीरज चौधरी के मुताबिक घायल क्रेटा चालक को किसी निजी अस्पताल पहुंचाया गया। घटनास्थल देखने से लगता है कि क्रेटा चालक गलत दिशा से आ रहा था, जिस कार ट्राला के नीचे जा फंसी।





**वाटरफ्रंट सबसे तंग प्वाइंट...** जब सदर्न बाइपास पर वेरका प्लांट वाले रास्ते से सराभा नगर में बने वॉटरफ्रंट तक पहुंचते हैं तो वहां भी हाइवे काफी तंग हो जाता है। अगर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत वॉटरफ्रंट को जरुरी मानकर पिछली सरकार में बनाया गया तो उससे भी ज्यादा जरुरी इस हाइवे को हादसों के नजरिए से सुरक्षित बनाना था।

### शुक्र है, कट खोलने की गलती सुधार ली

जहां यह हादसा पेश आया, उसके आगे ही जवद्दी पुल वाला कट बीते दिनों इलाका विधायक गुरप्रीत गोगी ने लोगों की मांग पर खुलवा दिया था। हालांकि उस कट पर पहले भी हादसे होते रहे हैं। लिहाजा इस गलती को सुधारते हुए बाद में कट फिर से बंद करा गया। यहां गौरतलब है कि इस हाइवे पर कई प्वाइंट्स ऐसे हैं, जहां दोनों तरफ से आते-जाते वाहन आपस में टकराने का खतरा बना रहता है।

# हैवानियत: महज 25 हजार कैश लूटने को दोस्त का चाकू से कत्ल कर शव के टुकड़े करके फेंके

## चार बोरों में लाश के टुकड़े बंद कर सिधवां नहर में फेंक दिए थे

लुधियाना / यूटर्न / 2 मई। दोस्ती जैसे रिश्ते को कलंकित करने वाला एक इंसान लालच में 'हैवान' बन गया। अपने ही गांव से यहां कपड़ा खरीदने आए नौजवान कारोबारी के पास मौजूद महज 25 हजार रुपये हड़पने को चाकू मारकर उसका कत्ल कर डाला। फिर बेरहमी के साथ आरी से लाश के टुकड़े बना चार बोरों में बंद करके टिब्बा रोड से रेहड़ी पर लादकर पक्खोवाल पुली से सिधवां नहर में फेंक गया। खुद पानीपत किसी जानकर के पास जा छिपा। बाद में गिरफ्तार होने पर सोमवार को उसने नहर में फेंके लाश के टुकड़े बरामद कराए। मरने वाला करीब



जांच करती फॉरेंसिक टीम, लाश के टुकड़े भरे बोरे निकालते गोताखोर और मृतक के परिजन



तीस साल का युवक मो. इस्लाम उत्तर प्रदेश के शामली जिले में कस्बा जलालाबाद का रहने वाला था। जो कैश लेकर लुधियाना से कपड़े खरीदने के लिए अपने ही गांव के मूल निवासी मो. महफूज के यहां टिब्बा रोड स्थित गुरु गोबिंद सिंह



मृतक इस्लाम
फाइल फोटो

नगर आया था। जब उधर, जलालाबाद में परिजनों ने 18 अप्रैल को लुधियाना गए इस्लाम को अगले दिन कॉल लगाई तो उसका फोन बंद आने लगा। फिर उन्होंने आशंकित होकर महफूज के फोन पर कॉल की तो उसने शातिर अंदाज में हैरानी जताते कहा कि इस्लाम तो यहां से जलालाबाद लौट गया था। तब इस्लाम का सगा भाई उसे ढूंढने खुद लुधियाना पहुंचा। तब से महफूज फरार था, शक होने पर उसकी छानबीन शुरू की तो पता चला कि वह पानीपत में किसी जानकार के पास रुका है। जब पानीपत पहुंचकर इस्लाम के परिजनों ने उस पकड़कर पिटाई करके पूछताछ की तो उसने सच उगल दिया। परिजनों ने थाना टिब्बा की पुलिस को सूचित किया कि जिस इस्लाम की गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाई थी, उसका तो कत्ल हो चुका है। तब थाने की पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने लाश के टुकड़े बरामद करा दिए। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रणबीर सिंह के मुताबिक अदालत से पुलिस रिमांड पर लेकर आरोपी से पूछताछ जारी है। अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर स्थिति और साफ हो सकेगी।

### बढ़ते हादसे, जिम्मेदार कौन?

महानगर लुधियाना की आबादी जिस तेजी से बढ़ रही है, उसकी तुलना में बुनियादी ढांचे को उसी तेजी से डेवलप नहीं किया जा रहा है। नतीजतन सड़कों पर भी ट्रैफिक लोड उनकी क्षमता से कई गुना ज्यादा होता जा रहा है। जहां सड़कें और हाईवे चौड़े भी हैं तो उन पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी किए जाने से हादसों का खतरा बना रहता है। सदर्न बाईपास इसकी सबसे बड़ी मिसाल है, जहां कल आधी रात के बाद भीषण हादसा होने से इस हाईवे पर बनी तकनीकी खामियों पर बड़ा सवालिया निशान लग गया है। जानकारों की नजर में सरसरी तौर पर देखें तो हाईवे पर हादसे वाहनों की ओवर स्पीड की वजह से होते हैं। सवाल यह है कि लोग ओवरस्पीड में वाहन क्यों चल पाते हैं, चंडीगढ़ की तर्ज पर स्पीड की निगरानी करने के लिए मैनुअल ट्रैफिक पुलिस की टीम या सीसीटीवी कैमरे पंजाब में क्यों नहीं लगे होते हैं। इसके साथ ही ऐसे हाईवे या बड़े रोड्स पर बहुत सारी ऐसी तकनीकी खामियां देखने को मिलती हैं, जिनके चलते सड़क हादसे होते हैं। मसलन, जहां आने और जाने के लिए अलग-अलग रोड बनाकर बीच में पक्के डिवाइडर होने चाहिए, ऐसे इंतजाम देखने को नहीं मिलते हैं।



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

## डेरा बाबा मुराद शाह में दो दिवसीय उर्स गुरदास मान ने जब छेड़ी सूफियाना तान

### उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, झूमते रहे सभी गायकों के सूफियाना कलाम सुन



लुधियाना/यूटर्न/2 मई। दुनियाभर में मशहूर सूफियाना दरबार डेरा बाबा मुराद शाह में दिवसीय उर्स के दौरान मानों श्रद्धालुओं का सैलाब सा उमड़ा रहा। कौमी भाईचारे के प्रतीक इस पवित्र दरबार में देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंचे। डेरा ट्रस्ट के चेयरमैन गुरुदास मान ने भी अपने सूफियान कलाम से हाजिरी लगवाई। उनके अलावा मास्टर सलीम, सुरिंदर छिंदा समेत कई मशहूर गायक मौजूद रहे।

# कौमी भाईचारा : कल मनेगी ईद उल फितर, भगवान परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया






■ सूडान में ईद मनाते पंजाबी...लुधियाना में पले-बढ़े जीएम अंसारी इन दिनों सूडान में बतौर सीनियर एकाउंटेंट जॉब करते हैं। सोमवार को सूडान में ईद उल फितर का त्यौहार मनाने के दौरान स्थानीय निवासियों के साथ भारतीय नागरिक भी नजर आ रहे हैं।



लुधियाना/यूटर्न/2 मई। कल यानि 3 मई का दिन कौमी भाईचारे का संदेश देने वाला रहेगा। मंगलवार को पवित्र रमजान का महीना पूरा होने के बाद ईद उल फितर का त्यौहार खुशी से मनाया जाएगा। संयोग से कल ही भगवान परशुराम जयंती होने के कारण मंदिरों, विभिन्न प्रतिष्ठानों में हवन-पूजन व अन्य धार्मिक समागम होंगे। जबकि मंगलवार को ही अक्षय तृतीया का पावन अवसर भी है। जिसमें विधि-विधान के अनुसार विशेष पूजा के अलावा सोने की खरीदारी करना शुभ माना जाता है। क्षय वरदान देने वाली अक्षय तृतीया का हिंदू और जैन धर्म दोनों में विशेष महत्व है. अक्षय तृतीया को आखातीज या अक्षय तीज के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि अक्षय तीज के दिन मां लक्ष्मी अपने सभी भक्तों पर मेहरबान रहती हैं।

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## अपील: बेजुबान परिंदों की सेवा से कमाएं नेकी




लुधियाना / यूटर्न / 2 मई। भीषण गर्मी बेजुबान परिंदों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। लिहाजा उनके लिए अपने घरों-दफ्तरों की छत पर दाने-पानी का इंतजाम जरुर करें। हम सबकी यही कोशिश, पर्यावरण संतुलन बनाने में मददगार परिंदों की जिंदगी बचाने का काम करेगी।

# मजदूर का टिकट काटने पर भड़के साथियों ने रेलवे ट्रैक पर धरना लगा हिसार एक्सप्रेस रोकी

### मजदूरों-टीटी के विवाद में परेशान हुए मुसाफिर

लुधियाना / यूटर्न / 2 मई। यहां सोमवार को रेलवे स्टेशन पर तड़के 5.30 बजे ज़बरदस्त हंगामा हो गया। विभिन्न मजदूर यूनियनों के मेम्बर कल मई दिवस मनाने के बाद वापस जा रहे थे तभी यूनियन के कुछ लोगों का टीटी से टिकट बनाने को लेकर विवाद हो गया। मामला इतना तूल पकड़ गया कि यूनियन मेम्बरों ने प्लेटफार्म छह के ट्रैक पर धरना लगा दिया और नारेबाजी करने लगे। मजदूरों ने



चक्का जाम कर रेल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। चक्का जाम होने का पता चलते ही रेलवे के उच्चाधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई। बाद में पता चला कि विवाद होने पर एक टीटी ने मजदूर की टिकट जुर्माना लगाकर बना दी थी।

मजदूरों ने विरोध किया तो टीटी ने रेलवे पुलिस बुला ली। जिससे गुस्साए मजदूर यूनियनों के मेंबरों ने स्टेशन पर एकुजट होकर हिसार एक्सप्रेस रोक दी। यूनियन के सदस्यों की मांग थी कि पुलिस द्वारा उनके जिन साथियों को हिरासत में लिया है, उनको छोड़ने के अलावा टीटी पर कार्रवाई की जाए। मौका संभालने के लिए थाना जीआरपी से डीएसपी बलराम राणा और इंस्पेक्टर जसकरण सिंह फोर्स लेकर पहुंचे। वहीं लुधियाना से हिसार जाने के लिए बहुत से मुसाफिर ट्रेन रुकने के कारण बस अड्डे चल गए। करीब पौने घंटे देरी से ट्रेन रवाना हो सकी।

## पुलिस पर पथराव कर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को छुड़ाया



लुधियाना/यूटर्न/2 मई। यहां नजदीकी गांव दाद में हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी को पकड़ने गई पुलिस मुलाजिमों पर लोगों ने हमला कर दिया। आरोपी के परिवार की महिलाओं ने आरोपी को भी छुड़ा लिया। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया। थाना जोधा में तैनात एएसआइ अश्वनी कुमार के मुताबिक अदालती आदेश पर हत्या के प्रयास मामले में नामजद आरोपी साका मोहम्मद की गिरफ्तारी को गाांव दाद में पुलिस टीम गई थी। जब बाजीगर में छापामारी की गई तो आरोपी साका मुहम्मद काबू कर लिया गया। इसी दौरान वहां पर उसकी रिश्तेदार महिलाएं इकट्ठा हुई और उसे ले जाने से मना करने लगीं। जब पुलिस उसे गिरफ्तार कर वहां से ले जाने लगी तो उन्होंने पुलिस पर पथराव कर दिया। इस दौरान पुलिस की गाड़ी भी टूटी है और कुछ पुलिस मुलाजिमों को चोटें भी आई।

## उत्तरीय रेलवे मज़दूर यूनियन ने मनाया विजय दिवस

लुधियाना / यूटर्न / 2 मई। यूआरएमयू ने लुधियाना की सभी ब्रांच में रेल कर्मचारियों के साथ विजय दिवस मनाया। बता दें कि दो मई, 2013 को उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन (यूआरएमयू) ने मान्यता का चुनाव जीता था और फ़िरोज़पुर मंडल में सबसे ज्यादा मतों के साथ यूआरएमयू को मान्यता मिली थी।

इसलिए उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन की तरफ से हर वर्ष 2 मई को पूरे उत्तर रेलवे में विजय दिवस मनाया जाता है। विजय दिवस के दौरान भी नई पेंशन योजना का मुद्दा गरमाया रहा। मंडल अध्यक्ष अश्वनी कुमार ने कर्मचारियों के जहां विजय दिवस की बधाई दी। वहीं पुरानी पेंशन योजना को रेलवे में लागू करवाने के संघर्ष के



लिए कर्मचारियों को तैयार रहने के लिए कहा। इस मौके पर सहायक मंडल सचिव केसी शर्मा व राज किशोर के साथ ही परवार सिंह, फ़िरोज़ आलम, नीरज कुमार, एसएस सोढ़ी, वीना रानी, मनजीत कौर, जसवंत सिंह, अश्वनी भारद्वाज, पंकज मोहन शर्मा, नाथवर राम, जसविंदर जस्सी, प्रतीक शर्मा, संदीप कुमार, प्रभाकर शर्मा समेत सैंकड़ों रेल कर्मचारी मौजूद रहे।

## दृष्टि पब्लिक स्कूल में 'डी.आर.अग्रवाल लाइब्रेरी' का उद्घाटन








लुधियाना/यूटर्न/2 मई। सुप्रसिद्ध आर्थोपेडिक सर्जन प्रोफेसर डॉ.एनके अग्रवाल द्वारा दृष्टि डॉ. आरसी जैन इनोवेटिव पब्लिक स्कूल स्थित नव-निर्मित, अति आधुनिक, मल्टी मीडिया 'डीआर अग्रवाल लाइब्रेरी' का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह का आरंभ परंपरागत रूप से गायत्री मंत्र के उच्चारण के बीच नारियल तोड़कर व स्लैब का अनावरण करके किया गया। स्कूल प्रिंसिपल श्रीमती गौरी छाबड़ा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि आधुनिक, उन्नत तकनीक युक्त यह लाइब्रेरी छात्रों और शिक्षकों को सदैव अध्ययन से जोड़े रखेगी। आधुनिक तकनीक संपन्न, वातानुकूलित इस लाइब्रेरी में 14000 से अधिक पुस्तकें, एप्पल कंप्यूटर से युक्त एक लैंग्वेज लैब, कंप्यूटराइज सर्च स्टेशन और किंडर-गार्डन के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए स्टोरी टैलिंग एरिया विशेष रूप से स्थित है। इस अवसर पर दृष्टि के छात्र नृत्य संगीतमय प्रस्तुति के साथ 'दिल से' कार्यक्रम में डॉ. अग्रवाल और उनकी धर्मपत्नी डॉ. ऊषा अग्रवाल से रूबरू हुए। 'दिल से' जुड़ी इस बातचीत में उद्यम जगत के चमकते सितारे भविश अग्रवाल (सीईओ ओला) वर्चुअल रूप से शामिल हुए। उन्होंने छात्रों के प्रश्नों के उत्तर दिए। भविश अग्रवाल की जीवन-संगिनी राजलक्ष्मी और अंकुश अग्रवाल (सीईओ,अवेल फाइनेंस ) भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतिम चरण में स्कूल के प्रेसिडेंट डॉ. एके शर्मा (भूतपूर्व डायरेक्टर, एनसीईआरटी) ने आए सभी मेहमानों को धन्यवाद किया।

### जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी

अर्थात्
जननी यानि मां और जन्मभूमि स्वर्ग से भी महान होते हैं।
शिशु के आगमन की आहट मात्र से जो तन मन सब उस पर न्योछावर करने की लेती है ठान
साँस-साँस में, रोम-रोम से प्रतिक्षण जिसे रहता है उसके ही आने का ध्यान क्यों नहीं, वह मां स्वर्ग से भी महान?
अपने रक्त और दुध से संचित शिशु के पालन पोषण में लगा देती है जो जी जान भूल जाती है अपनी नींद भूख और प्यास देखती है जब अपने बच्चे को परेशान क्यों नहीं, वह मां स्वर्ग से भी महान?
स्वयं बच्चे की गलती पता होने पर भी
किसी के सुनाने पर नहीं धराती है कान
पति और माता-पिता तो क्या हैं एक मां की ज़िद्द के आगे स्वयं झूक जाते हैं भगवान क्यों नहीं, वह मां स्वर्ग से भी महान?

- सुनीता गर्ग



## गीत वीडियो 'इबादत' का विमोचन किया गया



लुधियाना / यूटर्न / 2 मई। सतलुज क्लब लुधियाना में गीत 'इबादत' के निर्माता मनिंदर सिंह गोगिया द्वारा गीत वीडियो के विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. चरण कमल सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ. चरण कमल सिंह और सुश्री हरजीत कौर ने बटन दबाया और गीत जारी किया। यह गीत इबादत के पोस्टर के साथ जारी किया गया। इस अवसर पर गीत वीडियो 'इबादत' की टीम राजेश राजा, निदेशक; बलजिंदर सिंह बैंस, गायक; शैली वाधवा, गीतकार; अंकुर टंडन, हीरो; नादिया सिंह, नायिका; सैमी सिंह, सहायक निदेशक; गुरप्रीत चट्ठा, महक चट्ठा और काका सिंह उपस्थित थे। सभी टीम मेंबर्स ने गाने को फिल्माने के अपने अनुभव साझा किए। इबादत गाना मिस्टर मनिंदर सिंह गोगिया का पहला गाना है। मनिंदर सिंह गोगिया ने गीत के बारे में बताते हुए कहा कि हम संगीत के एक नए युग में हैं और मैं इसका हिस्सा हूं। मेरा संगीत संस्कृतियों का एक नया जन्म है, जो मुख्य रूप से आधुनिक संगीत के साथ मिश्रित है, जो दिव्य स्पर्श से प्रभावित है।

### सालगिरह मुबारक



डॉ. दीपक जैन व वीनू जैन



बिट्टू गुंबर व अंजलि गुंबर

### जन्मदिन मुबारक



राजेश शर्मा (मिंटू)



राजीव कुमार



चौधरी यशपाल



वंश बजाज

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
*T&C
belfrance
bakers & chocolatiers
0161-4612000, 4633305
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार फ्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 - 3
M: 98142-95372

# चिटफंड कंपनियों की तर्ज पर सदर्न कैनाल हाइवे पर प्रॉपर्टी बेचने का 'खुल्ला-खेल' फर्रुखाबादी तर्ज पर

## सरकार, रेरा भी बेखबर, घर के सपने देखने वालों को लगना है तगड़ा चूना

लुधियाना / यूटर्न / 2 मई। इस इंडस्ट्रियल सिटी में प्रोपर्टी बाजार में खुल्ला खेल फर्रुखाबादी तर्ज पर तेजी पकड़ रहा है। चिटफंड कंपनियों के स्टाइल में करोड़ों-अरबों के वारे-न्यारे करने वाले भू-माफिया किसी दिन उनके ही अंदाज में रफूचक्कर हो सकते हैं। जिसका खमियाजा एक अदद मकान का सपना पालने वाले बेकसूर लोगों को भुगतना पड़ेगा।



**निगरानी करने वाले गायब...** लैंड माफिया भोले-भाले लोगों को इसका शिकार बना रहे हैं। जबकि प्रोपर्टी की ट्रेडिंग पर निगरानी को बना सरकारी अधिनियम रेरा की जासूसी-भूमिका कहीं देखने को नहीं मिल रही। यानि लैंड-माफिया रेरा नियम का मखौल बनाता जरूर दिख रहा है। सरकार की पाबंदी के बावजूद इललीगल कालोनियां धड़ल्ले से काटी जा रही है। सदर्न हाइवे, लाडोवाल बाइपास व कैनाल रोड पर लाखों रुपये वाली जमीनें एकाएक 3-4 करोड़ रुपये प्रति एकड़ तक पहुंच गई हैं। करीब 95 प्रतिशत इललीगल कालोनियां में लैंड माफिया ने किसानों से पूरी जमीनें तक नहीं खरीदीं। कागजों में ही चल रहे इस गोरखधंधे को रोकने के लिए ग्लाडा भी कुछ नहीं कर पा रहा क्योंकि कालोनियों खरीदे जा रहे प्लॉटों का सारा खेल सरकारी दस्तावेजों ने नहीं कच्ची पर्चियों पर ही चल रहा है। विभाग तभी हस्तक्षेप कर सकता है जब खरीदफरोख्त पक्के कागजों में हो।



**पुलिस कमिश्नर तक पहुंची शिकायत...** जैसे कि इस गोरखधंधे को लेकर यूटर्न टाइम पहले भी आशंका जता चुका है कि इसमें लोगों के साथ बड़ी ठगी होगी। ऐसा ही होने भी लगा, एक पीड़ित व्यक्ति मुकेश गुप्ता ने इस गोरखधंधे को लेकर पुलिस कमिश्नर से मलकपुर इलाके की करीब 12000 गज जगह के संदर्भ में रमन उप्पल, धर्मपाल उप्पल सहित दो महिलाओं के खिलाफ लिखित शिकायत भी कर दी है। कानूनी-माहिरों की नजर में अगर पुलिस महकमा इस केस को विजिलेंस ब्यूरो के हवाले कर देता है तो बड़ी जालसाजी आसानी से पकड़ में आ जाएगी।

**गोलमाल खोलना नहीं आसान...** काबिलेजिक्र है कि राज्य सरकार द्वारा प्रॉपर्टी की एनओसी बंद किए जाने के बावजूद चिटफंड कंपनियों के स्टाइल में नंबर दो का रास्ता अपनाने वाले अरबों-खरबों की डील कर रहे हैं। मसलन, एक ही जमीन का टुकड़ा दिन में कई-कई बार कच्ची पर्चियों पर ही बेच दिया जाता है। खरीदार और बेचने वाले असल मालिक पता नहीं।

# मेहुल चोकसी पर आईएफसीआई से धोखाधड़ी मामले में सीबीआइ ने दर्ज किया एक और केस

नई दिल्ली/ यूटर्न / 2 मई। पीएनबी बैंक घोटाले में फंसे मेहुल चोकसी की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के खिलाफ सीबीआइ ने एक और केस दर्ज किया है। सीबीआइ ने मेहुल चोकसी और उसकी कंपनी गीतांजलि जेम्स के खिलाफ केस दर्ज किया है। मेहुल और उसकी कंपनी पर 2014-18 के बीच सरकारी कंपनी इंडस्ट्रियल फाइनेंस कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड (आईएफसीआई) से 22 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। बता दें कि पीएनबी से करीब 13,500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामले में सीबीआइ और ईडी ने चोकसी को



भगोड़ा घोषित किया है। सीबीआइ ने बैंक फ्राड मामले में मेहुल, उसके भतीजे, फरार हीरा कारोबारी नीरव मोदी के अलावा अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। सीबीआइ और ईडी ने मामले में अलग-अलग आरोप पत्र दाखिल किए हैं। चोकसी भारत से फरार होने के बाद 4 जनवरी 2018 से एंटीगा और बारबुडा में रह रहा था। यहां से लापता होने के बाद वह 23 मई को पड़ोसी देश डोमिनिका में अवैध प्रवेश के लिए गिरफ्तार किया गया था। चोकसी के लापता होने की खबरों के बाद उसकी तलाशी ली गई। 25 मई को एजेंसियों ने उसे पकड़ लिया। डोमिनिकन अदालत ने चोकसी के वकीलों द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण पर सुनवाई के बाद उसके निर्वासन पर रोक लगा दी थी। डोमिनिका में आप्रवासन मंत्रालय द्वारा उसे प्रतिबंधित अप्रवासी घोषित किया गया था।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने ब्याज दरों में की कटौती, 30 जून तक है मौका

नई दिल्ली / यूटर्न / 2 मई। बैंक ऑफ बड़ौदा ने सोमवार को अपने ग्राहकों को बड़ा तोहफा दिया। दरअसल, बैंक की ओर से एलान किया गया कि होम और कार लोन लेने वालों के लिए वार्षिक आधार पर ब्याज दर को क्रमशः 6.50 फीसदी और सात फीसदी कर दिया गया है। यानी अब होम-कार लोन पर कम ब्याज देना होगा। बैंक ने ब्याज दरों में कमी करने की घोषणा करते हुए कहा कि यह सुविधा सीमित समय के लिए है और 30 जून 2022 तक लागू रहेगी। इस संबंध में जारी की गई एक रिपोर्ट में बताया गया कि बैंक ऑफ बड़ौदा ने सोमवार को सीमित अवधि के लिए कार लोन पर ब्याज दरों को घटाकर 7.25




प्रतिशत से 7 प्रतिशत कर दिया है। नई कार की खरीद के लिए रियायती प्रोसेसिंग चार्ज के साथ सात प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होने वाली नई दर लागू होगी। एक बयान में, बैंक ने आगे कहा कि उसने 30 जून, 2022 तक सीमित अवधि के लिए प्रोसेसिंग शुल्क को भी घटाकर 1,500 रुपये (प्लस जीएसटी) कर दिया गया है।

# उच्च मुद्रास्फीति के बीच भारत का विनिर्माण क्षेत्र तेजी से बढ़ा: पीएमआई

नई दिल्ली / यूटर्न / 2 मई। एक मासिक सर्वेक्षण में सोमवार को कहा गया है कि उत्पादन के साथ-साथ फैक्ट्री ऑर्डर में तेजी से बढ़ोतरी और अंतरराष्ट्रीय बिक्री में नए सिरे से विस्तार के बीच भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में अप्रैल महीने के दौरान तेज वृद्धि देखी गई है। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) मार्च में 54.0 से बढ़कर अप्रैल में 54.7 हो गया, क्योंकि कोरोना प्रतिबंधों में कमी से मांग का समर्थन जारी रहा है। अप्रैल पीएमआई डेटा ने लगातार दसवें महीने के लिए समग्र परिचालन स्थितियों में सुधार की ओर इशारा किया। बता दें कि पीएमआई 50 से ऊपर होता है तो इसका मतलब विस्तार होता है, जबकि 50 से नीचे का स्कोर संकुचन को दर्शाता है। एसएंडपी ग्लोबल में इकोनॉमिक्स एसोसिएट डायरेक्टर पोलियाना डी लीमा ने कहा कि 'अप्रैल के दौरान भारतीय विनिर्माण पीएमआई सकारात्मक रहा है और मार्च में से बेहतर हुआ है।' उन्होंने कहा कि 'फैक्ट्रियों ने बिक्री और इनपुट खरीद में चल रही वृद्धि के साथ, उपरोक्त प्रवृत्ति गति से उत्पादन को बढ़ाना जारी रखा। इससे लगता है कि निकट अवधि में विकास जारी रहेगा।' मार्च में नौ महीने के पहले संकुचन के बाद, अप्रैल के आंकड़ों ने निर्यात के ऑर्डर्स में पलटाव दिखा।

# हाईकोर्ट की फटकार के बाद एसबीआई ने किसान को दिया 'नो ड्यूज सर्टिफिकेट'

नई दिल्ली / यूटर्न / 2 मई। एक किसान को नो ड्यूज सर्टिफिकेट देने में आना-कानी करने के मामले में गुजरात हाईकोर्ट की फटकार का जोरदार असर देखने को मिला है। ये मामला भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से जुड़ा है, जिसने महज 31 पैसे के बकाया रहने पर किसान का प्रमाण पत्र देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद किसान की ओर से दायर की गई याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति ने इसे उत्पीड़न करार दिया था। सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक की ओर से गुजरात उच्च न्यायालय को बताया गया कि उसने एक भूमि बिक्री मामले में एक उधारकर्ता को बकाया राशि का प्रमाण पत्र जारी किया है, जिसे केवल 31 पैसे की बकाया राशि का भुगतान न करने पर रोक दिया




गया था। यहां बता दें कि पिछले हफ्ते, हाईकोर्ट ने देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता को बकाया प्रमाणपत्र जारी नहीं करने के लिए फटकार लगाई थी। कोर्ट ने कहा था कि इतनी छोटी सी राशि के लिए प्रमाण पत्र को रोकना बैंक के द्वारा किसान के उत्पीड़न के अलावा और कुछ नहीं है। न्यायाधीश ने कहा था कि हद हो गई, एक राष्ट्रीयकृत बैंक कहता है कि महज 31 पैसे बकाया रह जाने के कारण अदेयता प्रमाणपत्र नहीं जारी किया जा सकता। अब बैंक ने गुजरात हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति भार्गव करिया की अदालत के समक्ष दायर एक हलफनामे में कहा कि एसबीआई ने 28 अप्रैल को उधारकर्ता को बकाया राशि का प्रमाण पत्र जारी किया है, जो भूमि सौदे को मंजूरी देने के लिए आवश्यक है। इसके बाद न्यायमूर्ति करिया ने अपने आदेश में कहा कि बकाया प्रमाणपत्र जारी कर याचिकाकर्ता ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी है। गौरतलब है कि याचिकाकर्ता राकेश वर्मा और मनोज वर्मा ने अहमदाबाद शहर के पास खोर्जा गांव में किसान शामजीभाई और उनके परिवार से वर्ष 2020 में एक भूखंड खरीदा था।

## द लुधियाना अग्रवाल को-ऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसाइटी चुनाव

# भाजपा के जिला महामंत्री राम गुप्ता बने प्रधान

लुधियाना/यूटर्न/2 मई। भाजपा के महामंत्री राम गुप्ता को द लुधियाना अग्रवाल को-ऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसाइटी लिमिटेड का अध्यक्ष चुना गया। सोसाइटी की मीटिंग में संस्था के सभी सदस्यों ने उनको आमराय से अध्यक्ष बनाया। यह चुनाव लुधियाना को-ऑपरेटिव डिपार्टमेंट से आए इंस्पेक्टर सर्वजोत सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ। सोसाइटी के डायरेक्टर अश्वनी गोयल, पवन गर्ग, सुरेश कुमार जिंदल, मोनिका गोयल, हेमराज गोयल, विपन सिंघानिया और इंदु गुप्ता इस मौके पर मौजूद थे। इन सभी डायरेक्टरों ने राम गुप्ता का



मुंह मीठा करके उनको बधाई दी। यह सोसाइटी दो स्कूल चलाती है, जिनमें टैगोर पब्लिक स्कूल बीरमी और टैगोर पब्लिक स्कूल अग्र नगर है। राम गुप्ता ने कहा कि जो उन्हें जिमेदारी संस्था द्वारा सौंपी है, अपनी पूरी निष्ठा वा तनदेही से निभाएंगे।

# छत्तीसगढ़ ने राज्य सरकार के कर्मचारियों के डीए में की 5 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली/ यूटर्न / 2 मई। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में पांच फीसदी की बढ़ोतरी की है। छत्तीसगढ़ में सरकारी कर्मचारियों के डीए में संशोधन एक मई से लागू है। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 2022 के अवसर पर रविवार (1 मई) को डीए बढ़ाया गया था। राज्य सरकार के फैसले की घोषणा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्विटर पर की। भूपेश बघेल ने ट्वीट किया, कर्मचारियों के हित में आज एक बड़ा फैसला लिया गया है। मैं सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में पांच फीसदी की बढ़ोतरी की घोषणा करता हूं। नई दर एक मई से लागू होगी। राज्य सरकार के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता जो अब तक 17 फीसदी था, इस वृद्धि के बाद वह 22 फीसदी पर पहुंच गया है। छत्तीसगढ़ सरकार का यह कदम राज्य के अधिकारियों और कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही मांग के बाद आया है। यह मांग कर रहे थे कि इनके डीए को केंद्र



सरकार के कर्मचारियों के बराबर किया जाए। छत्तीसगढ़ मंत्रिस्तरीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपूत ने कहा था कि छत्तीसगढ़ में डीए 17 फीसदी है, जबकि केंद्र सरकार के कर्मचारियों को 34 फीसदी महंगाई भत्ता मिल रहा है। पिछले महीने राज्य सरकार के कर्मचारियों ने भी प्रदर्शन किया और कम डीए के खिलाफ विरोध जताया था।

## स्प्रिंग डेल में मनाया गया लेबर डे



लुधियाना / यूटर्न / 2 मई। स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में लेबर डे को बड़े ही सुनियोजित रूप से मनाया गया। इस संबंध में सभी कर्मचारियों को इकट्ठा करके उनकी पीठ थपथपाई गई। स्कूल प्रबंधकीय कमेटी की तरफ से कर्मचारियों को उनकी शानदार सेवाओं को निभाने के लिए उनको पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस संबंध में सभी बच्चों को भी इस दिन के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। अंत में सभी कर्मचारियों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का भी खूब आनंद उठाया। स्कूल के माननीय चेयरपर्सन अविनाश कौर वालिया जी ने सभी कर्मचारियों को खूब शाबाशी दी और साथ ही उनको भविष्य के लिए इसी तरह पूरे जोश और मेहनत के साथ अपनी सेवाओं को निभाने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही डायरेक्टर मनदीप सिंह वालिया जी, कमलप्रीत कौर जी और प्रिंसिपल अनिल कुमार शर्मा जी ने सभी कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाते हुए लेबर डे की बहुत शुभकामनाएं दी।

## सीटी यूनिवर्सिटी ने प्रतिष्ठित कंपनियों के सहयोग से एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन किया



लुधियाना / यूटर्न / 2 मई। लुधियाना सीटी यूनिवर्सिटी ने सीआईआई, जिला रोजगार और उद्यम ब्यूरो, पंजाब सरकार, मेंटरएक्स, और लिंक्डइन लोकल लुधियाना के सहयोग से एक एचआर कॉन्क्लेव वी3.0: जेनजेड के लिए कार्यस्थल दक्षता का शुभारंभ किया। समझने के लिए एक समारोह आयोजित किया गया था। इसे कोका कोला और समोसा एक्सप्रेस द्वारा प्रायोजित किया गया था। एचआर कॉन्क्लेव सीटीयू द्वारा आयोजित एक वार्षिक सम्मेलन है जिसका उद्देश्य मानव संसाधन के क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रथाओं, अंतर्दृष्टि, उद्योग के अनुभवों और नवीनतम सफलताओं को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। विश्वविद्यालय उद्योग के सर्वश्रेष्ठ विद्वानों को आमंत्रित करता है जिन्होंने पैनल चर्चाओं, रणनीतिक योजनाओं और मुख्य सत्रों की एक श्रृंखला के माध्यम से भारत में विकास के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। कॉन्क्लेव के मुख्य अतिथि गुरमीत सिंह कुलार, अध्यक्ष एफआईसीओ, कुंदन लाल, सहायक, निदेशक एमएसएमई डीआई, डिप्टी सीईओ-डीबीईई-पंजाब सरकार।

## श्री बालाजी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह हुआ सम्पूर्ण



लुधियाना / यूटर्न / 2 मई। लुधियाना सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर शंकराचार्य नगर हैबोवाल कलां जोशी नगर में प्रधान अमन जैन की अध्यक्षता में भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह किया जा रहा है। इस बारे मंदिर प्रधान व् सेवक अनुज मदान ने जानकारी देते हुए कहा कि सभी भक्तों के लिए बहुत ही हर्ष की बात है कि श्री बालाजी मंदिर में श्री मेहंदीपुर बालाजी महाराज, श्री इच्छापुर बालजी महाराज, श्री तिरुपति बालाजी महाराज, श्री सालासर बालाजी महाराज, श्री खाटू श्याम जी भगवान,माँ अंजना जी के दिव्य स्वरूप स्थापित हो रहे है और हमारा ऐसा विश्वास है कि आज श्री बालाजी मंदिर एकमात्र ऐसा मंदिर बनने जा रहा है यहां श्री बालाजी महाराज जी के सभी दिव्य स्वरूपों के दर्शन किये जा सकेंगे जोकि सौभाग्य की बात है और मंगलवार अक्षय तृत्य के पुण्य अवसर पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह विधि विधान के साथ सम्पूर्ण होगा और सभी भक्त प्रभु के दर्शन कर अपने जीवन को धन्य करेंगे। सेवक सौरव जैन ने कहा कि यहां भगवान प्रति आस्था और दृढ़ विश्वास हो तो भक्तों की पुकार को भगवान अवश्य सुनकर उनका उद्धार करते है और आज सभी भक्तों के कल्याण के लिए भगवान यहां विराजमान हुए है।

## आर्य कॉलेज ने आयोजित किया टेक-दिशा 2022



लुधियाना / यूटर्न / 2 मई। ऑनलाइन इंटर कॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में पंजाब और चंडीगढ़ के 22 कॉलेजों के लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में लोगो-डिजाइन, डिजी-पोस्टर, ई-पीपीटी, टेक्नो पजल, लैंडिंग पेज, कोड गल्फ और क्रैक द कोड जैसे कार्यक्रम शामिल थे। लोगो-डिजाइन में एसडीपी कॉलेज फॉर वुमेन लुधियाना की सेजल ने पहला, गुरु नानक खालसा कॉलेज फॉर विमेन की सिमरन घाटोरे, गुजरखान कैंपस, मॉडल टाउन लुधियाना ने दूसरा और केएलएसडी कॉलेज लुधियाना की गौतम और खालसा कॉलेज फॉर विमेन की अंकिता गुप्ता सिविल लाइंस, लुधियाना ने तीसरा पुरस्कार जीता। डिजी-पोस्टर में खालसा कॉलेज फॉर विमेन, सिविल लाइंस, लुधियाना की गुरमणि कौर प्रथम, गोस्वामी गणेश दत्ता सनातन धर्म कॉलेज, चंडीगढ़ की शिवानी ने दूसरा पुरस्कार जीता और गुरु नानक खालसा कॉलेज फॉर विमेन लुधियाना की मनचेत कौर और हरशीन कौर ने तीसरा पुरस्कार जीता।

## सैंट्रल जेल में हवालाती ने की आत्महत्या की कोशिश

लुधियाना / यूटर्न / 2 मई। ताजपुर रोड की सैंट्रल जेल में एक हवालाती ने दोपहर के समय बैरक के बाथरूम में फंदा लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। उक्त हवालाती हरप्रीत सिंह जोकि एक मामले में पिछले कुछ महीनों से जेल में बंद है। घटना के बाद हवालाती की हालत को देखते हुए जेल अस्पताल के मैडीकल अधाकिरयों ने उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल रैफर कर दिया है। सिविल अस्पताल के डाक्टरों ने हवालाती की गंभीर हालत को देखते हुए पटियाला के राजिन्द्रा अस्पताल में भेज दिया है।




## विपिन जैन और राकेश जैन ने 38 परिवारों को राशन वितरित किया

लुधियाना / यूटर्न / 2 मई। राष्ट्रीय संस्था लीगा परिवार सोसाइटी रजिस्टर्ड द्वारा बाबा मलजी लिगा धाम, हैबोवाल में लिगा गोत्र के कुलदेवता बाबा मल जी एवं महा कुलदेवी माता भैया जी के दरबार में सकल सदस्यों द्वारा गुणगान सभा के आयोजन के उपरांत अध्यक्ष विपिन जैन एवं मंत्री राकेश जैन ने बताया आज 38 परिवारों को जीवन यापन के लिए मासिक राशन वितरण करते हुए कहा जरूरतमंदों की सहायता करना कोई एहसान नहीं यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। हमें परमात्मा ने अपने पुण्य का उपार्जन करने के लिए जरूरतमंदों की सेवा करने का एक अचूक मौका दिया है। मासिक राशन वितरण में मुख्य सहयोग करने वाले दान वीर हिमांशु क्वात्रा, सारू जैन जम्मू, सोनम जैन दिल्ली, नीरज जैन, बॉबी जैन, राजेश जैन, अश्वनी मलिक, हनीश कपूर, नंदलाल कपूर, राजेश जैन बब्बा, हीरेन जैन, आदि अन्य उपस्थित थे।



## जी हां ! जालंधर के थाने में सजाया मंडप एनजीओ ने कराया युवा-जोड़े का विवाह



लुधियाना / यूटर्न / 2 मई। जालंधर से एक हैरान करने वाली दिलचस्प खबर सामने आई है। यहां बालिग लड़की और लड़के ने पुलिस थाने में शादी रचाई। इसके लिए बाकायदा पुलिस से अनुमति भी ली गई। विवाह के समय मीडिया और पुलिस गवाह भी बनी। जालंधर के पुलिस थाना बारादरी में आज उस समय एक जोड़े की शादी हुई, जब उनके घर वाले इस शादी के लिए राजी नहीं हुए। लड़के और लड़की ने एक संस्था के जरिए पुलिस थाने में पहुंच कर शादी कराई। इस दौरान थाने में ही वर और वधू ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई। लड़के के मुताबिक उसके घर वाले इस शादी के पक्ष में नहीं है, जिससे मजबूर होकर पुलिस थाने में शादी करानी पड़ी।

## पटियाला में काली माता मंदिर पर हुए हमले को लेकर जल्द बुलाई जाएगी हिंदू संगठनों की बैठक, मान सरकार हर फ्रंट पर हुई फेल



लुधियाना / यूटर्न / 2 मई। पटियाला में काली माता मंदिर पर हुए हमले को लेकर हिंदू संगठनों की एक प्रेस कांफ्रेंस चौड़ा बाजार में हुई। जिसमे जिसमें राष्ट्रीय हिंदू मंच, श्री मंदिर कमेटी पंजाब, शिवरात्रि महोत्सव कमेटी, हिंदू परिषद, महावीर मंदिर ट्रस्ट, युवक सेवक संघ आदि संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मौके राष्ट्रीय हिंदू मंच पंजाब के प्रधान पवन शर्मा ने कहा कि पंजाब में आतंकवाद फिर सिर उठाने लगा है तथा 1984 जैसे हालात फिर से पैदा होने लगे है। उन्होंने कहाकि पुलिस की उपस्थिति में सरेआम काली माता मंदिर की बेअदबी कर नंगी तलवारें लहराई गई।जो कि बहुत निंदनीय है। वही कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा मां भगवती के लिए अपशब्द बोलें और मंदिर पर पथराव किया गया लेकिन पुलिस मूक दर्शक बनी सब देखती गई।जब मंदिर पर पथराव हो गया तो भगवंत मान सरकार कुंभकर्णी नींद से जागी। पवन शर्मा ने कहा कि ये सब सोची समझी साजिश के तहत किया गया है। पंजाब में अब फिर हिंदुओ व उनके धर्म स्थानों को निशाना बनाया जा रहा है। जो कि अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने केन्द्र सरकार से अपील की है कि आतंकवाद फैलने से रोकने के लिये पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाये। शिवरात्रि महोत्सव कमेटी के प्रधान सुनील मेहरा,पवन लहर ने कहा किकुछ कट्टरपंथी लोगों द्वारा हिंदू आस्था का प्रतीक काली माता मंदिर पर हमला करने की घटना अत्यंत निंदनीय है। यह हिंदू-सिख भाईचारे में दरार डालने के इरादे से किया गया। उन्होंने कहा कि 1984 में भी हिंदुओं ने काफी संताप झेला है लेकिन अब अगर दोबारा पंजाब में उग्रवाद फैलाने की कोशिश की गई तो यह बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

## चाइल्डहुड किंडरगार्टन पंजाब माता नगर स्कूल में बच्चों ने मजदूर दिवस मनाया













लुधियाना / यूटर्न / 2 मई। चाइल्डहुड किंडरगार्टन पंजाब माता नगर ने रविवार को स्कूल में मजदूर दिवस मनाया। बच्चों को धोबी, सब्जी विक्रेता, नौकरानी, मैकेनिक और पेंटर आदि के रूप में तैयार किया गया था। उन्हें एक साइट पर भी ले जाया गया जहां उन्होंने मजदूरों से मुलाकात की और सहायक कर्मचारियों को उपहार और मिठाई वितरित की। स्कूल में श्रम के महत्व पर केंद्रित एक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। हमें अपने सामुदायिक सहायकों का सम्मान करना चाहिए क्योंकि उनकी मदद के बिना हमारे लिए अपने दिन-प्रतिदिन के कार्यों को सुचारू रूप से करना संभव नहीं होगा। बच्चों ने बहुत मज़ा किया क्योंकि उन्हें सहायकों की भूमिका निभाने में मज़ा आया, हर एक ने अपनी सेवाओं और उत्पादों के बारे में बात की। कक्षाओं से 'सब्जी लेलो', ?दूध लेलो? और धोबी की तेज आवाजें सुनी जा सकती थीं। शिक्षकों ने बच्चों को अपना काम करने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें इसे करने से मिलने वाली संतुष्टि के बारे में बताया। यह सभी के लिए बहुत अच्छा अनुभव था। सहयोगी स्टाफ ने उस महत्व का आनंद लिया जो उन्हें मिला था और वे बहुत खुश थे।

-फोटो: विशाल ढल्ल

### 5 लाख का मीटर न लगाने से बुड्ढे नाले में बहेगा जनता का 870 करोड़ रूपया!

# स्मार्ट सिटी मीटिंग में हंगामा, एमपी व आप विधायकों के समक्ष डाइंग कारोबारी बावा ने बुड्ढे नाले के प्रोजेक्ट पर फिर उठाई उंगलियां

लुधियाना / यूटर्न / 2 मई। लुधियाना में सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने सोमवार शहर के विधायकों के साथ सराभा नगर जोन डी में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्टस के कार्यों को लेकर बैठक की। बैठक में विशेष रूप से विधायक गुरप्रीत गोगी, कुलवंत सिंह, मदन लाल बग्गा और निगम कमिश्नर प्रदीप सभ्रवाल मौजूद रहे। सांसद बिट्टू ने सभी विधायकों से शहर में चल रहे कार्यों पर चर्चा की। मीटिंग में मौजूद कारोबारी तरुन जैन बावा एक बार फिर बुड्ढा नाला की सफाई प्रोजेक्ट की सरकारी रिपोर्ट पर उंगलियां उठा दी। बावा के अनुसार विभिन्न सरकारी रिपोर्टों में ही बुड्ढे नाले का वाटर लेबल अलग-अलग होने से पूरा प्रोजेक्ट सवालों के घेरे में आ गया है। बड़ी बात यह है कि नाले का वाटर लेबल चेक करने के लिए निगम द्वारा 5 लाख रूपये का वाटर मीटिर तो नहीं खरीदा गया परंतु बिना पानी का स्तर जाने सफाई प्रोजेक्ट में 519 करोड़ के साथ 350 करोड़ ओएमसी के लिये अलॉट कर दिया गया है।



### विधायक गोगी ने उठाया मल्हार रोड का मुद्दा

▶ बैठक में विधायक गुरप्रीत गोगी ने मल्हार रोड़ का मुद्दा उठाया। गोगी ने कहा कि प्रोजेक्ट के तहत इस सड़क को चौड़ा किया जाए और दोनों दिशाओं में खोला जाए ताकि ट्रैफिक जाम की समस्या न रहे। गोगी ने अधिकारियों से मांग की है कि स्मार्ट सिटी के तहत जो सरकारी स्कूल बनाए जाने है उनकी सूची बनाकर उन्हें दी जाए।

### बग्गा और कुलवंत ने उठाया नाले की मरम्मत का मुद्दा



▶ विधायक मदन लाल बग्गा ने मीटिंग में बुड्ढे नाले का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि नाले की सफाई करवाई जाए, ताकि शहर में सफाई बनी रहे। नाले के साथ पौधे लगाए जाएं। नाले के आस-पास रहते लोगों का जीवन स्तर सुधर सके। विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि उनके हलके की सड़कों का बुरा हाल है। वहीं कई जगह कूड़े के ढेर लग रहे हैं। सड़कों की मरम्मत सही से करवाई जाए ताकि लोग आसानी से कहीं आ जा सकें। सड़कें टूटी होने की वजह से कई बार हादसे हो जाते हैं। कई वाहन चालक हादसों का शिकार हो चुके हैं।

## भगवान सिद्धिविनायक की संध्या आरती में भक्तों ने लिया आशीर्वाद

**अक्षय तृतीया वह तिथि है जिसमें सौभाग्य और शुभ फल का कभी क्षय नहीं होता: रविनंदन शर्मा**



लुधियाना / यूटर्न / 2 मई। चुहरपुर रोड हैबोवाल कलां स्थित सिद्धि विनायक मंदिर में प्रधान रविनंदन शर्मा की अध्यक्षता में प्रथम पूजनीय भगवान श्री सिद्धिविनायक की संध्या आरती की गई। पूर्ण विधिविधान के साथ मंदिर के आचार्य पंडित जगदीश प्रसाद द्वारा गणपति बप्पा की आरती की गई व् भक्तों को पवित्र जल के छींटे दिए। इस अवसर पर प्रधान रविनंदन शर्मा, मंगलवार 3 मई को अक्षय तृतीया है और सनातन धर्म में इस दिन का बहुत ही महत्व है अक्षय का अर्थ होता है "जो कभी खत्म ना हो" और इसीलिए एसा कहा जाता है, कि अक्षय तृतीया वह तिथि है जिसमें सौभाग्य और शुभ फल का कभी क्षय नहीं होता। इस दिन होने वाले कार्य मनुष्य के जीवन को कभी न खत्म होने वाले शुभ फल प्रदान करते हैं।

इसलिए इस दिन मनुष्य जीतने भी पुण्य कर्म तथा दान करता है उसे, उसका शुभ फल अधिक मात्रा में मिलता है और शुभ फल का प्रभाव कभी खत्म नहीं होता है। मंदिर के मुख्य सदस्यों मुनीश कक्कड़, शक्ति लखनपाल, जयंत मल्होत्रा, चंद्रशेखर शर्मा आदि ने कहा कि हिंदू धर्म में तिथियों का बेहद महत्व है। ऐसा माना जाता है कि किसी भी तिथि के दिन भगवान की सच्चे मन से पूजा करने से जीवन में कई तरह के सकारात्मक बदलाव आते हैं। इन्हीं विशेष दिनों में इंसान की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया तिथी बेहद शुभ मानी जाती है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन सभी काम बिना किसी विघ्न के पूरे होते हैं। इस अवसर पर पंडित जोशी, मुनीश कक्कड़, शक्ति लखनपाल, राकेश सूद, राजू गोयल, जयंत मल्होत्रा, चंद्रशेखर शर्मा, कपिल शर्मा, अजय मोहन, दविंदर भारद्वाज, आदि उपस्थित हुए।

## सीआईसीयू में पावरकॉम डायरेक्टर डिस्ट्रिब्यूशन से मीटिंग संपन्न



लुधियाना / यूटर्न / 2 मई। बिजली संकट से घबराए कारोबारी सोमवार को सीआईसीयू परिसर में पॉवरकॉम डायरेक्टर डिस्ट्रिब्यूशन दलजीत ग्रेवाल से रूबरू हुए प्रधान उपकार अहूजा व जनरल सेक्रेटरी पंकज शर्मा के नेतृत्व में मीटिंग में उपकार अहूजा, फर्नस के प्रधान केके गर्ग, व अपेक्स चैंबर के प्रधान रजनीश अहूजा ने डायरेक्टर के समक्ष अघोषित पावरकटों से इंडस्ट्री को होने वाले प्रोडक्शन लॉस व क्वालिटीगिरावट एवं मशीनों को तोड़फोड़ जैसे नुकसानों की जानकारी दी। उद्यमी जसविंदर सिंह ठुकराल ने मिक्सलैंड यूज इलाके जनता नगर, शिमलापुरी, कोटमंगल सिंह व आसपास के इलाकों में लगी छोटी इकाइयों पर पॉवरकट न लगाने की अपील की। मीटिंग के दौरान यूसीपीएमए प्रधान डीएस चावला ने बिजली कटों के दौरान इंडस्ट्री पर लगने वाले फिक्स चार्जेस को हटाने की बात कही। वहीं उन्होंने पीएसपीसीएल में स्टॉफ शार्टेज की कमी को प्राइवेट कंपनीज और टेंपरेरी स्टाफ के जरिए पूरा करने की अपील की। पीएसपीसीएल डायरेक्टर ने इंडस्ट्री को भरोसा दिलाया कि भविष्य में जहां कोई बिजली कट नहीं लगाए जाएंगे वहीं कट लगाने से पहले इंडस्ट्री को भरोसे में लिया जाएगा।

## मिशन स्माइल एनजीओ की तरफ से लेबर्स डे और मदर्स डे मनाया गया



लुधियाना / यूटर्न / 2 मई। सोमवार को मिशन स्माइल एनजीओ की तरफ से इंटरनेशनल लेबरस डे और मदर्स डे भी मनाया गया। जिसमे वो घर पे काम करने वाली हेल्पर्स को पिकनिक पे ले के गये। मिशन स्माइल की प्रेजिडेंट सोनिआ छाबरा और वाइस प्रेसिडेंट मंजू सेठी ने बताया की जैसे की उनका मक़सद खुशियाँ बांटना है इस लिए आज उन्होंने यह खुशियाँ उन माओं के साथ बाँटी जो हमारे सब के घरों में हमारा साथ देती हैं हमारी हेल्परस, जो की मदर्स भी हैं और अपने बच्चो की अच्छी परवरिश के लिए लोगों के घर में काम करती हैं। मिशन स्माइल ने आज उन मदर्स को सैलूट किया है जो अपनी जिम्मेवारियां बखूबी निभा रही हैं। आज उनको कुछ देर पिकनिक पे माता के मंदिर ले गये और फिर उसके बाद रख बाग़ लेके गये जहां उनको खूब गेम्स खिलाए और खूब मस्ती करवाई।

## कारोबारी संजीव अरोड़ा व अशोक मित्तल सहित चड्ढा ने ली राज्यसभा सदस्य की शपथ

लुधियाना / यूटर्न / 2 मई। आम आदमी पार्टी के अन्य तीन उम्मीदवारों में नेता राघव चड्ढा, लवली यूनिवर्सटी के एमडी अशोक मित्तल और रितेश प्रॉपर्टीज व इंडस्ट्रीज के एमडी संजीव अरोड़ा ने सोमवार को राज्यसभा सदस्य की शपथ ली। नई दिल्ली स्थित राज्यसभा में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें विधिवत शपथ दिलाई गई। पंजाब में मिली ऐतिहासिक जीत के बाद आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, संजीव अरोड़ा, हरभजन सिंह और संदीप पाठक राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने गए थे। इनमें से राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संजीव अरोड़ा को सोमवार को शपथ दिलाई गई।



### कौन हैं राघव चड्ढा

बता दें कि आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता राघव चड्ढा को सहज और सरल युवा नेता के रूप में जाना जाता है। दिल्ली में अपनी छाप छोड़ने के बाद पंजाब में आम आदमी पार्टी की सोच और सकारात्मक कार्यों का नेतृत्व कर रहे हैं।

### कौन हैं अशोक के. मित्तल

अशोक के. मित्तल शैक्षणिक संस्थान लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के संस्थापक चांसलर हैं। एलपीयू भारत के सबसे बड़े विश्वविद्यालयों में से एक है। इस विश्वविद्यालयों में 50 से अधिक देशों के छात्र पढ़ते हैं और दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों से मान्यता प्राप्त है। मित्तल के सक्षम नेतृत्व में एलपीयू को अटल रैंकिंग में भारत के सभी निजी विश्वविद्यालयों में तीसरा स्थान प्राप्त।

### कौन हैं संजीव अरोड़ा

संजीव अरोड़ा टेक्सटाइल, स्टील और रीयल स्टेट कारोबारी रितेश प्रॉपर्टीज व इंडस्ट्रीज के फाउंडर प्राण अरोड़ा के सुपुत्र हैं। संजीव अरोड़ा नें अपने माता-पिता के कैंसर के कारण जान गंवाने के बाद कृष्णा प्राण ब्रेस्ट कैंसर चैरिटेबल ट्रस्ट की सस्थापना की जो पिछले 15 वर्षों से 160 से अधिक कैंसर रोगियों का निःशुल्क इलाज कर चुका है। संजीव अरोड़ा दयानंद मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, लुधियाना के गवर्निंग बोर्ड में भी हैं।

## एबीसी मैजिकल वर्ल्ड स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन







लुधियाना / यूटर्न / 02 मई। प्री-नर्सरी, नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के नन्हे-नन्हे एबीसी मैजिकल वर्ल्ड के छोटे छोटे बच्चों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत ग्रेजुएशन रॉब्स और कैप्स पहने छोटे-छोटे नन्हे-मुन्ने बच्चो ने स्टेज पर रॉकिंग के साथ वॉक करके की। प्रिंसिपल. चेताली भट्ट के साथ डायरेक्टर अमनप्रीत सिंह अरोड़ा के साथ बच्चों को सर्टिफिकेट्स प्रदान किए। यह वास्तव में न केवल बच्चों के लिए एक खुशी का और यादगार दिन था, बल्कि माता-पिता और बच्चों को बढ़ते हुए देखने वाले गुरुओं के लिए भी गर्व का क्षण था। जब उन्होंने स्क्रीन पर अपने बच्चे को देखा तो माता-पिता भावुक हो गए और इसने उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े और उनके चेहरे पर गर्व की खुशी छा गई। *-फोटो: विशाल ढल्ल*

## 5 मई को भाजपा करेगी आम आदमी पार्टी के खिलाफ प्रदर्शन



लुधियाना / यूटर्न / 2 मई। भाजपा के जिलाध्यक्ष पुष्पेंदर सिंगल की अध्यक्षता में एक बैठक भाजपा जिला कार्यालय घंटा घर में सम्पन्न हुयी जिसमे भाजपा जिला लुधियाना के सभी जिला पधादिकारी व सभी मंडलों के अध्यक्षों ने बैठक में अपनी उपस्तिथि दर्ज करवाई भाजपा जिला अध्यक्ष ने बताया की लुधियाना भाजपा, पंजाब भाजपा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के दिशानिर्देशो के अनुसार 5 मई को आम आदमी पार्टी की सरकार के विरुद्ध बिजली व्यवस्था और मुफ्त बिजली वितरण में पक्षपात रवैये पर लुधियाना डी.सी. दफ्तर के बाहर अपने कार्यकर्ताओं के साथ धरना-प्रदर्शन करेगी। इस मौके पर लुधियाना भाजपा के जिला महामंत्री राम गुप्ता, कांतेन्दु शर्मा, जिला उपाध्यक्ष हर्ष शर्मा, योगेंदर मकोल,महेश शर्मा,एस.सी.मोर्चा के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह, युवा मोर्चा के अध्यक्ष कुशाग्र कश्यप, हिमांशु कालड़ा, मंडल प्रधान जसदेव तिवारी, लकी शर्मा, अजिंदर सिंह आदि मौजूद थे।

# धर्मनिरपेक्षता के असल मायनों को समझें, समाज में भेद पैदा करने वालों से सतर्क रहें



किसी भी देश के शक्तिशाली होने के निहितार्थ होते हैं। इन निहितार्थों का मन, वाणी और कर्म से अध्ययन किया जाए तो जो प्राकट्य होता है, वह यही प्रदर्शित करता है कि सबके भाव राष्ट्रीय हों, सबके अंदर एक दूसरे के प्रति सामंजस्य भाव की प्रधानता हो, लेकिन वर्तमान में समाज के बीच सामंजस्य के प्रयास कम और समाज के बीच भेद बनाने के प्रयास ज्यादा हो रहे हैं। जिसके चलते हमारी राष्ट्रीय अवधारणाएं तार-तार होती जा रही हैं। कौन नहीं जानता कि भारतीय समाज की इसी फूट के कारण भारत ने गुलामी के दंश को भोगा था। अंग्रेजों की नीति का अनुसरण करने वाले राजनीतिक दल निश्चित ही भारत के समाज में एकात्म भाव को स्थापित करने प्रयासों को रोकने का उपक्रम ही कर रहे हैं। जो संभवतः भारत की बढ़ती शक्ति से परेशान हैं। समाज को ऐसे षड्यंत्रों को समझने का प्रयास करना चाहिए। लम्बे समय से भारत में इस धारणा को समाज में संप्रेषित करने का योजनाबद्ध प्रयास किया गया कि मुस्लिम तुष्टिकरण ही धर्मनिरपेक्षता है। इसी के कारण गंगा जमुना तहजीब की अपेक्षा केवल हिन्दू समाज से ही की जाती रही है। भारत का हिन्दू समाज पुरातन समय से इस संस्कृति को आत्मसात किए हुए है। तभी तो इस देश में सभी संप्रदाय के व्यक्तियों को पर्याप्त सम्मान दिया गया। यह सभी जानते हैं कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी अपने आपको धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक दल मानती हैं और इन्हीं दलों ने मुस्लिम वर्ग का तुष्टिकरण करने की राजनीति की। इसके कारण देश में जिस प्रकार से वर्ग भेद खाई पैदा हुई, उससे आज का वातावरण पूरी तरह से प्रदूषित हो रहा है। अभी हाल ही में जिस प्रकार से रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्राओं पर पत्थरबाजी की गई, वह देश के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप की परिभाषा के दायरे में बिलकुल भी नहीं आता। धर्मनिरपेक्षता की सही परिभाषा यही है कि देश में धर्मों को समान दृष्टि से देखा जाए, लेकिन क्या देश में समाज के द्वारा सभी धर्मों को समान रूप से देखने की मानसिकता विकसित हुई है। अगर नहीं तो फिर धर्मनिरपेक्षता का कोई मतलब ही नहीं है। वस्तुतः धर्मनिरपेक्षता शब्द समाज में समन्वय स्थापित करने में नाकाम साबित हो रहा है, इसके बजाय वर्ग भेद बढ़ाने में ही बहुत ज्यादा सहायक हो रहा है। हालांकि यह शब्द भारत के मूल संविधान का हिस्सा नहीं था। इसे इंदिरा गांधी के शासन काल में आपातकाल के दौरान जोड़ा गया था। इस शब्द के आने के बाद ही देश में तुष्टिकरण की राजनीतिक भावना ज्यादा जोर मारने लगी। संक्षिप्त रूप में कहा जाए तो इन दोनों की अनुचित क्रिया की ही

> यहां हम हिन्दू और मुस्लिम वर्ग को अलग-अलग देखने को प्रमुखता नहीं दे रहे हैं। और न ही ऐसा दृश्य दिखाने का प्रयास ही करना चाहिए। बात देश के समाज की है, जिसमें हिन्दू भी आता है और मुस्लिम भी। जब हम समाज के तौर पर चिंतन करेंगे तो स्वाभाविक रूप से हमें वह सब दिखाई देगा, जिसकी एक निरपेक्ष व्यक्ति से कल्पना की जा सकती है। लेकिन इसकी बजाय हम पूर्वाग्रह रखते हुए किसी बात का चिंतन करेंगे तो हम असली बातों से बहुत दूर हो जाएंगे। आज देश में यही हो रहा है। आज का मीडिया अखलाक और तबरेज की घटना को भगवा आतंक के रूप में दिखाने का साहस करता दिखता है, लेकिन इन घटनाओं के पीछे का सच जानने का प्रयास नहीं किया जाता।

समाज ने प्रतिक्रिया की थी, जो समाज की जाग्रत अवस्था कही जा सकती है, लेकिन यही मीडिया उस समय अपनी आंखों पर पट्टी बांध लेता है, जब किसी गांव से हिन्दुओं के पलायन की खबरें आती हैं। जब महाराष्ट्र के पालघर में दो संतों की पीट-पीट कर हत्या कर दी जाती है। इसी प्रकार महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा पढ़ने की कवायद पर सांसद नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा पर राष्ट्रद्रोह का प्रकरण दर्ज हुआ है।

हो सकता है कि राणा दंपत्ति का तरीका गलत हो, लेकिन कम से कम भारत में हनुमान चालीसा पढ़ने को गलत तो नहीं ठहराया जा सकता। जब हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात करते हैं तो हिन्दू समाज के व्यक्तियों की ओर से की गई जायज कार्यवाही को इस दायरे से बाहर क्यों रखा जाता है। क्या भारत में केवल उन्हीं स्वरों को अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे में लाया जाना चाहिए, जो देश तोड़ने की बात करते हैं। विसंगति तो यह है कि ऐसे स्वरों को राजनीतिक समर्थन भी मिल जाता है।

महाराष्ट्र की घटना राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में इसलिए भी नहीं आ सकती, क्योंकि उनकी घोषणा सरकार के मुख्यालय पर हनुमान चालीसा पढ़ने की नहीं थी, वह तो एक समय हिन्दुत्व के केन्द्र रहे मातोश्री के बाहर ऐसा करने का प्रयास कर रहे थे। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि क्या वास्तव में शिवसेना अपने मूल उद्देश्य से भटक रही है, क्या उसे हिन्दुत्व नापसंद आने लगा है? वे बाबरी ढांचे को गिराने के बारे में सीना ठोककर यह दावा करते हैं कि यह हमने किया। लेकिन राम भक्त हनुमान की प्रशंसा में की जाने वाली कार्यवाही पर विराम लगाने का कार्य करते हैं।

अब फिर से हम अपने मूल विषय पर आते हैं। आज कई लोग और राजनेता यह सवाल उठाते हैं कि हिन्दू उनके क्षेत्र से यात्रा क्यों निकालता है? यह सवाल इसलिए भी जायज नहीं कहा जा सकता है कि जब देश में सभी धर्मों के धार्मिक चल समारोह बिना किसी रोक टोक के किसी भी स्थान से निकाले जा सकते हैं, तब हिन्दू समाज की धर्म यात्राएं क्यों नहीं निकाली जा सकतीं। आज अगर वे अपने मोहल्ले से रोक रहे हैं, तब कल यह भी हो सकता है कि पूरे नगर में पत्थरबाजी करके रोकने का प्रयास करें। हो सकता है कि यह घटनाएं अभी छोटे रूप में प्रयोग के तौर पर हो रही हों, लेकिन कल के दिन जब इस प्रकार की घटनाएं बड़ा रूप लेंगी, तब स्थिति हाथ से निकल जाएगी और फिर एक नए पाकिस्तान का भी जन्म हो सकता है। इसलिए समाज के बीच लकीर खींचने वाले ऐसे किसी भी प्रयास का किसी भी वर्ग को समर्थन नहीं करना चाहिए। आज ऐसे प्रयासों की आवश्यकता है, जिससे समाज के बीच सामंजस्य स्थापित हो सके। इसके लिए सारे समाज को अपनी ओर से प्रयास करने चाहिए।

## स्टाइल

### खूबसूरत और ग्लोइंग स्किन के लिए करें दही फेस पैक का इस्तेमाल

गर्मियों में दही का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। यह पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने में मदद करता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दही का इस्तेमाल आप फेस पैक बनाने के लिए भी कर सकते हैं। इसमें लैक्टिक एसिड जिंक और मिनरल्स मौजूद होते हैं जो स्किन को फैमिली और चमकदार बनाते हैं। दही से बने फेस पैक का इस्तेमाल करने से मुंहासे, झुर्रियों और टैनिंग की समस्या से छुटकारा मिलता है। आज के इस लेख में दही से फेस पैक बनाने का तरीका बताएंगे-

**दही और मुल्तानी मिट्टी**

गर्मियों में टैनिंग की समस्या को दूर करने के लिए आप दही और मुल्तानी मिट्टी से बना फेसपैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। खासतौर पर ऑयली स्किन वालों के लिए ये फेसपैक बहुत फायदेमंद होता है। इसके लिए एक बाउल में दो चम्मच मुल्तानी मिट्टी एक चम्मच दही और एक चम्मच एलोवेरा जेल डालकर मिक्स कर लें। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे और गर्दन पर लगा कर कम से कम 10 से 15 मिनट तक रखें। फिर ठंडे पानी से चेहरे को धो लें। इसके इस्तेमाल से चेहरे का सांवलापन दूर होता है।

**दही और ओट्स**

चेहरे पर जमा डेड स्किन सेल्स को हटाने के लिए आप दही में ओट्स मिलाकर लगा सकते हैं। इससे चेहरे पर जमा गंदगी दूर होती है और चेहरा चमकदार बनता है। इसके लिए एक चम्मच ओट्स पाउडर में दो चम्मच दही मिलाएं। अब इसे अपने चेहरे और गर्दन पर लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें। इसे लगभग 15 मिनट लगे रहने दें और उसके बाद साफ पानी से चेहरे को धो लें।

**दही और मेथी**

चेहरे पर बढ़ती उम्र के निशान को कम करने के लिए भी दही का इस्तेमाल फायदेमंद माना जाता है। के लिए आप चाहिए और मेथी से बना फेस पैक लगा सकते हैं। इसके लिए एक बाउल में एक चम्मच मेथी पाउडर लें। अब इसमें एक चम्मच दही आधा चम्मच बादाम का तेल और आधा चम्मच गुलाब जल डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें। इसे अपने चेहरे और गर्दन पर लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें।

## आज का विचार

आज का विचार

आप जो करना चाहते है, उसके लिए देर कभी नहीं होती. उसे करने की गुंजाइश हमेशा होती हैं.

- जॉर्ज इलियट

www.duniyahaigol.com

## कार्टून-कोना, राज-नीति







# गर्मियों में घर को ठंडा और फ्रेश रखने के लिए लगाएं ये पैधे, नहीं पड़ेगी एसी-कूलर की जरूरत

गर्मियों की शुरुआत हो गई है। आजकल के भीषण गर्मी ने सबका हाल बुरा कर रखा है। ऐसे में लोग अपने कमरे को ठंडा रखने के लिए एसी कूलर या अन्य तरीकों का सहारा लेते हैं। लेकिन इससे पर्यावरण और सेहत दोनों पर बुरा प्रभाव पड़ता है।ऐसे में आप घर को ठंडा रखने के लिए पौधे लगा सकते हैं। आज के इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे पौधे बताएंगे जिन्हें घर में लगाने से घर का माहौल ठंडा और तरोताजा रहता है। इतना ही नहीं यह पौधे आपके घर के वातावरण को भी शुद्ध बनाए रखेंगे -

**बेबी रबर प्लांट**

गर्मियों में घर को ठंडा रखने के लिए रबर प्लांट लगा सकते हैं। यह पौधा हवा में मौजूद नमी को कम करता है और कमरे को ठंडा रखता है। सबसे खास बात यह है कि इसे नियमित तौर पर पानी की जरूरत नहीं होती है।

**एलोवेरा**

एलोवेरा के पौधे में औषधीय गुण मौजूद होते हैं। इसके साथ ही यह घर को तरोताजा रखने में भी मदद करता है। यह हवा में मौजूद अशुद्धियों को दूर करके घर के वातावरण को शुद्ध करता है।



**स्नेक प्लांट**

अगर आप गर्मियों में घर के तापमान को नेचुरल तरीके से कम करना चाहते हैं तो स्नेक प्लांट लगाए। ये वातावरण को ठंडा रखता है और हवा में मौजूद विषाक्त पदार्थों को भी सोखता है।

**फर्न प्लांट**

गर्मियों में घर को ठंडा रखने के लिए फर्न प्लांट भी लगा सकते हैं। यह हवा में नमी बरकरार रखने में मदद करता है। इसके साथ ही यह हवा में मौजूद अशुद्धियों को दूर करके गर्मी को कम करता है।

**ऐरेका पाम ट्री**

आप गर्मियों में घर को तरोताजा रखने के लिए ऐरेका पाम ट्री लगा सकते हैं। यह तापमान को कम करने में मदद करता है और घर को ठंडा रखेगा। इसके साथ ही यह हवा में मौजूद अशुद्धियों को भी दूर करता है।

# पीवी सिंधु को बैडमिंटन चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज से संतोष करना पड़ा, मैच के दौरान अंपायर पर भड़की

मुंतिनलुपा। फिलिपींस के मुंतिनलुपा में रविवार यानी मई को एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिप का सेमीफाइनल खेला गया। कभी आपा न खोने वाली पीवी सिंधु को इस दौरान अंपायर पर गुस्सा आ गया। जापान की यामागुची और पीवी सिंधु के बीच हुए इस मुकाबले में सिंधु को हार का सामना करना पड़ा और ब्रांज से ही संतोष करना पड़ा। सिंधु दूसरे गेम में 14-13 से आगे चल रही थीं। उन्हें सर्विस करनी थी। रेफरी ने उन्हें शटल यामागुची को देने को कहा। रेफरी और चेयर अंपायर का कहना था कि सिंधु ने सर्विस करने में काफी देर की। इस वजह से शटल यामागुची को देने के लिए कहा गया। वहीं सिंधु का कहना




था कि यामागुची तैयार नहीं थीं, इसलिए उन्होंने सर्विस नहीं की। इस पर सिंधु की अंपायर के साथ बहस भी हुई। उसके बाद सिंधु की लय टूट गई। एक बार स्कोर 19-19 की बराबरी पर था। फिर सिंधू पिछड़ गई और दूसरा गेम हार गई। साइना और सानिया भी दिखा चुकी हैं गुस्सा तीन साल पहले यानी साल 2019 में साइना नेहवाल ने बासेल में हुई विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के दौरान हो रही अंपायरिंग पर सवाल उठाए थे। साइना को टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में 12वीं वरीयत प्राप्त डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट से हार का सामना करना पड़ा था। इसके लिए साइना ने अंपायरिंग के स्तर पर सवाल उठाए। उनके पति और भारतीय खिलाड़ी पी. कश्यप ने भी इस करीबी हार के बाद खराब अंपायरिंग पर निराशा जताई थी। इस पर साइना ने ट्वीट करते हुए लिखा था - मुझे अब भी विश्वास नहीं हो रहा है, दूसरे गेम में अंपायर ने 2 बार मैच प्वाइंट को मेरे हक में नहीं दिया। दूसरे गेम के बीच में अंपायर ने मुझ से कहा लाइन अंपायर को अपना काम करने दें और यह मेरी समझ से परे है कि अंपायर मैच पॉइंट के फैसले को कैसे पलट सकते हैं। बेहद ही खराब।

इसके अलावा उत्तर प्रदेश में खेली जा रही बैडमिंटन प्रतियोगिता के दौरान रूस की गैरवरीय केसिना के खिलाफ साइना मैच प्वाइंट पर थीं कि अचानक उन्होंने चेयर अंपायर के पास जाकर मैच जारी न रखने की बात कही। उस समय साइना 21-17, 20-18 से आगे थीं। देखते ही देखते उत्तर प्रदेश बैडमिंटन अकादमी में सन्नाटा पसर गया और साइना अपनी किट उठाकर कोर्ट से बाहर निकल गई।

## तारा ने बैकलेस ड्रेस में कराया फोटोशूट

बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया इंडस्ट्री की एक जानी मानी एक्ट्रेस हैं। इन दिनों तारा अपनी फिल्म 'हीरोपंती 2' को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। इसी बीच तारा सुतारिया का लेटेस्ट फोटोशूट चर्चा में है जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही 'हीरोपंती 2' रिलीज होते ही तारा सुतारिया ने लेटेस्ट फोटोशूट कराया है। इस फोटोशूट की तस्वीरें तारा ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। तारा इन तस्वीरों में बला की हॉट नजर आ रही हैं। आप देख सकते हैं कि तारा साटन कपड़े से बनीं व्हाइट कलर की बैकलेस ड्रेस पहने हुए हैं। तारा सुतारिया की ये ड्रेस पीछे से महज एक गांठ पर टिकी नजर आ रही है। इस ड्रेस के साथ तारा ने हाई हील्स पहनी हुई है।





## नम्रता मल्ला ने दिखाया सेक्सी फिगर

एक्ट्रेस और डांसर नम्रता मल्ला भोजपुरी सिनेमा की सबसे बोल्ड एक्ट्रेसेज में से एक हैं। वे अपनी बोल्डनेस से आए दिन तहलका मचाती रहती हैं। भोजपुरी सिनेमा में अपना जलवा बिखेरने के बाद नम्रता अब जल्द ही साउथ में भी अपने हुस्न की बिजलियां गिराने को तैयार हैं। हाल ही में नम्रता ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया कि वे जल्द ही तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखे वाली हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए फैंस को बताया कि वे तेलुगु फिल्म साई करोड़पति में एक आइटम सॉन्ग में नज़र आएंगी। इस गाने का टाइटल ग्रीन टी है। नम्रता ने पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, पेश है मेरे नए तेलुगु आइटम सॉन्ग की पहली झलक। इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि नम्रता लाल रंग की शिमरी थाई हाई स्लिट स्कर्ट और ब्लाउज में बेहद हॉट नजर आ रही हैं। उन्होंने हाथ में ब्रेसलेट और कानों में इयररिंग पहने हैं। इस आउटफिट को देखकर लगता है कि शायद नम्रता इस सॉन्ग में बेली डांस करती नजर आएंगी। फैंस को नम्रता का यह खास अंदाज बेहद पसंद आ रहा है। फैंस इन तस्वीरों पर जमकर लाइक और कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने कमेंट किया, ्परम सुंदरी ्र वहीं एक अन्य यूजर ने नम्रता को इजिप्टियन गॉडेस कहा। फैंस इन तस्वीरों पर हार्ट और फायर वाले इमोजी बना रहे हैं।

## भूमि ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा



फिल्म 'दम लगा के हईशा' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली अभिनेत्री भूमि पेडनेकर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। भूमि अक्सर अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। इसी कड़ी को जारी रखते हुए बीते दिन अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की। तस्वीरें देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि भूमि ने गर्मियों के मौसम के लिए खुद को तैयार कर लिया हैं। भूमि काफी हॉट अवतार में नजर आ रही हैं और उनका सेक्सी फिगर इंटरनेट पर तहलका मचा रहा है। उनकी यह हॉट तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन तस्वीरों में अभिनेत्री भूमि पेडनेकर समर लुक में नजर आ रही हैं। अपनी इन दिलकश तस्वीरों को शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, ्सच में बहुत गर्मी है।्र भूमि के ऑउटफिट की बात करें तो उन्होंने ब्लैक बिकिनी के ऊपर टाइट जालीदार गाउन पहना हुआ है। खुले बाल और न्यूड मेकअप के साथ भूमि ने अपने समर लुक को कम्पलीट किया है। टाइट जालीदार गाउन में अभिनेत्री अपना सेक्सी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई काफी बोल्ड पोज दे रही हैं। लाखों लोग भूमि के हॉट अवतार पर मर मिटे हैं और कमेंट सेक्शन में उनकी जमकर तारीफ़ कर रहे हैं।

वर्क फ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री भूमि पेडनेकर आखिरी बार फिल्म 'बधाई दो' में अभिनेता राजकुमार राव के साथ मुख्य भूमिका निभाती नजर आयी थीं। इन दिनों अभिनेत्री मनाली में अभिनेता अर्जुन कपूर के साथ अपनी आगामी फिल्म 'द लेडी किलर' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके अलावा भूमि जल्द ही गोविंदा नाम मेरा, रक्षा बंधन, भीड और भक्षक जैसी बड़ी फिल्मों में नजर आएँगी।

## 7 साल बाद साथ दिखेंगे शाहरुख और काजोल

करण जौहर की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। हाल ही में खबरें आई हैं कि बॉलीवुड की ऑनस्क्रीन सुपरहिट जोड़ी काजोल और शाहरुख खान फिल्म में स्पेशल अपियरेंस देंगे। रोहित शेट्टी की 'दिलवाले' के बाद दोनों 7 साल बाद इस फिल्म से रीयूनियन करने जा रहे हैं। फिल्म में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह लीड रोल में हैं। बॉलीवुड लाइफ की रिपोर्ट के मुताबिक, SRK और काजोल फिल्म में स्पेशल अपियरेंस देंगे, जिसके लिए दोनों जल्द ही मुंबई में शूटिंग शुरू करेंगे। शाहरुख फिलहाल अपने प्रोजेक्ट्स में बिजी हैं। एक करीबी सूत्र के मुताबिक शाहरुख करण जौहर की फिल्म की शूटिंग के लिए एक दिन का वक्त निकालेंगे।



यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA
सोमवार 02 मई 2022

खुद बोलती तस्वीर



# बर्लिन में देशवासियों से मिले पीएम मोदी



बर्लिन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जर्मनी की राजधानी बर्लिन पहुंच गए हैं। इस दौरान होटल एडलॉन केम्पिंस्की में उन्होंने भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की। उन्होंने एक बच्चे से गाना भी सुना। PM से मिलते हुए कुछ लोगों ने भारत माता की जय के नारे भी लगाए। बर्लिन में PM मोदी का स्वागत करने एक बच्ची मान्या मिश्रा भी पहुंची। बच्ची ने बताया कि मोदी जी से मिलकर बहुत अच्छा लगा। मैंने उन्हें कहा कि मुझे गर्व है कि आप हमारे देश के प्रधानमंत्री हैं। मैंने उन्हें अपनी पेंटिंग दिखाई, उन्होंने इस पर अपना ऑटोग्राफ भी दिया। वहीं, भारतीय मूल के गौरांग कुटेजा ने कहा कि हम PM मोदी की एक झलक पाने के लिए उत्साहित थे। हम 400 किमी की दूरी तय करके बर्लिन आए। PM मोदी ने भारतीय मूल के सभी लोगों का सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया। हम सभी प्रधानमंत्री के संबोधन के इंतजार में हैं। पीएम आज जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज के साथ छठे भारत-जर्मनी इंटर-गवर्नमेंटल कंसल्टेशन में शामिल होंगे। फिर शाम को बर्लिन में भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे। इसके बाद, PM 3 मई को इंडो-नॉर्डिक सम्मेलन में हिस्सा लेंगे, फिर डेनमार्क की राजधानी कोपेन हेगन में भी भारतीयों को संबोधित करेंगे। सबसे आखिर में PM मोदी पेरिस में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात करेंगे। यह PM का इस साल का पहला विदेशी दौरा है। वह 2 से 4 मई की अपनी इस यात्रा में तीन यूरोपीय देश जर्मनी, डेनमार्क और फ्रांस जाएंगे।

पीएम मोदी ने बर्लिन पहुंचते ही ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि वह चांसलर ओलाफ स्कोल्ज से बात करेंगे। इसके अलावा व्यापारिक नेताओं के साथ बैठक और एक सामुदायिक कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे। उन्हें विश्वास है कि यह यात्रा भारत और जर्मनी की दोस्ती को बढ़ावा देगी। पीएमओ से जारी प्रेस रिलीज में PM की इस विजिट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि 2021 में भारत-जर्मनी डिप्लोमैटिक रिश्तों को 70 साल पूरे हो गए हैं, साथ ही हम साल 2000 से ही स्ट्रैटेजिक पार्टनर भी हैं। मैं चांसलर स्कोल्ज के साथ रणनीतिक, क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर चर्चा करूंगा। जर्मन चांसलर और मैं हमारे उद्योग सहयोग के लिए एक बिजनेस राउंडटेबल मीटिंग को भी संबोधित करेंगे। यूरोप महाद्वीप भारतीय मूल के 10 लाख से ज्यादा लोगों का घर है। इनकी एक बड़ी संख्या जर्मनी में रहती है। PM मोदी यहां भारतीय मूल के लोगों को संबोधित करेंगे।

## कुमार विश्वास की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

चंडीगढ़ / यूटर्नः मशहूर कवि कुमार विश्वास को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। फिलहाल कुमार को यह अंतरिम राहत दी गई है। अब केस खारिज करने की उनकी याचिका पर सुनवाई जारी रहेगी। इस मामले में पूरा आदेश आना बाकी है। कुमार के खिलाफ रोपड़ में केस दर्ज हुआ है। कुमार पर आरोप है कि उन्होंने केजरीवाल के खालिस्तान से संबंध के गलत आरोप लगाए। HC के इस फैसले से आम आदमी पार्टी और पंजाब में CM भगवंत मान की अगुवाई वाली AAP सरकार को बड़ा झटका लगा है। पंजाब पुलिस ने रोपड़ के थाना सदर में कुमार पर केस दर्ज किया। इसके बाद कुमार को सम्मन तामील करवाने पुलिस उनके गाजियाबाद स्थित घर पहुंची। इसकी तस्वीरें खुद कुमार विश्वास ने ट्वीट की। उन्होंने सीएम भगवंत मान को आगाह भी किया कि वह जिसके कहने पर यह सब कर रहे हैं, वह मान और पंजाब को धोखा देगा। इस मामले में रोपड़ में पुलिस ने केस दर्ज किया है। जिसमें शिकायत करने वाले ने बताया कि वह आप समर्थकों के साथ गांवों में लोगों की शिकायतें निपटाने के लिए घूम रहा था।

## अप्रैल में बेरोजगारी दर 7.83% पर पहुंची, शहरों में गांवों से ज्यादा हालत खराब

नई दिल्ली / यूटर्नः देश में बेरोजगारी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। अप्रैल महीने में देश की बेरोजगारी दर बढ़कर 7.83% पर पहुंच गई। इससे पहले मार्च में ये 7.60% पर थी। CMIE के आंकड़ों के मुताबिक मार्च 2022 में शहरी बेरोजगारी की दर 9.22% और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह 7.18% रही है।



CMIE के मुताबिक 2021 में मई में बेरोजगारी दर 11.84% पर पहुंच गई थी। हालांकि इसके बाद इसमें गिरावट देखने को मिली और ये जनवरी 2022 में 6.57% पर आई थी, लेकिन फरवरी में ये फिर 8.10% पर पहुंच गई थी जो अब 7.83% पर है। CMIE के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था की सेहत को बेरोजगारी दर सही तरह से दर्शाती है, क्योंकि यह देश की कुल जनसंख्या में कितने बेरोजगार हैं, इसको बताती है। थिंक टैंक को उम्मीद है कि रबी फसल की बुआई की शुरुआत में तेजी देखने को मिल सकती है। इसका मतलब है कि चालू वित्त वर्ष में एग्री सेक्टर एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करेगा। इससे प्रवासी मजदूर खेतों की ओर वापसी करेंगे। रिपोर्ट के अनुसार सबसे ज्यादा बेरोजगारी हरियाणा और राजस्थान में दर्ज की गई है। हरियाणा में यह 34.5% और राजस्थान में 28.8% है। जबकि हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ और असम में सबसे कम बेरोजगारी दर देखी गई जो क्रमशः 0.2%, 0.6% और 1.2% रही थी।

**कैसे तय होती है बेरोजगारी दर?**

दिसंबर में बेरोजगारी दर 7.83% रहने का मतलब यह है कि काम करने को तैयार हर 1000 वर्कर में से 78 को काम नहीं मिल पाया। CMIE हर महीने 15 से अधिक उम्र के लोगों का घर-घर जाकर सर्वे करता है और उनसे रोजगार की स्थिति की जानकारी लेता है। इसके बाद जो परिणाम मिलते हैं उनसे रिपोर्ट तैयार की जाती है।

## लोगों को वैक्सीन लेने के लिए मजबूर नहीं कर सकती सरकार : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि किसी भी व्यक्ति को वैक्सीनेशन के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। जस्टिस एल नागेश्वर राव और जस्टिस बीआर गवई की बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा कि आर्टिकल-21 के तहत व्यक्ति की शारीरिक अखंडता को बिना अनुमति नहीं भंग की जा सकती है। ऐसे में देश में वैक्सीनेशन अनिवार्य नहीं किया जा सकता है। देश में करीब 188 करोड़ लोगों को कोरोना वैक्सीन अब तक दी जा चुकी है। इनमें फर्स्ट और सेकेंड दोनों डोज शामिल है। देश में करीब 188 करोड़ लोगों को कोरोना वैक्सीन अब तक दी जा चुकी है। इनमें फर्स्ट और सेकेंड दोनों डोज शामिल है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि कुछ राज्य सरकारों ने जो शर्तें लगाई, सार्वजनिक स्थानों पर नॉन वैक्सीनेटेड लोगों को बैन करना सही नहीं है। इसके अलावा, SC ने केंद्र को COVID-19 टीकाकरण के प्रतिकूल प्रभावों का डेटा सार्वजनिक करने का भी निर्देश दिया है। हालांकि, कोर्ट ने यह भी कहा कि वह संतुष्ट है कि मौजूदा वैक्सीन नीति को अनुचित और स्पष्ट रूप से मनमाना नहीं कहा जा सकता है।

# जिले में कलेक्टर हो तो ऐसा...

लुधियाना/यूटर्न/2 मई। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में 30 अप्रैल का दिन यादगार रहा। यहां तैनात जिला मजिस्टेट यानि डीएम अनुराग पटेल ने आईएएस पद की गरिमा बढ़ाते हुए नैतिकता की शानदार मिसाल कायम की। उस दिन उनके ड्राइवर इम्तियाजुद्दीन का रिटायरमेंट था। रोज़ की तरह इम्तियाज़ डीएम को आफिस ले गए। शाम को डीएम अनुराग पटेल ने इम्तियाज़ के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। उन्होंने अपने ड्राईवर को बाकायदा शाल और स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया। विदाई समारोह के बाद इम्तियाजुद्दीन जब भीगी आखों से घर जाने को हुए तो डीएम अनुराग पटेल खुद जाकर अपनी कार की ड्राइविंग सीट पर बैठ गए। इम्तियाज़ को अपनी बगल वाली सीट पर बैठने को बोला। इम्तियाज़ ने मना किया मगर डीएम नहीं माने। इम्तियाज़ के बैठने के बाद अनुराग पटेल में उनसे कहा कि तो अब चलें? अपने 'साहब' के मुंह से ऐसी बात सुनकर इम्तियाज़ रोने लगे। जबकि वहां मौजूद तमाम कर्मचारियों की आंखें भी भीग गई। फिर डीएम अनुराग पटेल अपने ड्राइवर इम्तियाज़ को उनके घर तक ड्राइवर बनकर छोड़ने गए। किसी मुलाजिम के लिए रिटायरमेंट का ऐसा तोहफ़ा शायद ही मिला होगा।-

-(साभार : सिद्धार्थ बातिश)



गाड़ी ड्राइव करते डीएम अनुराग पटेल रिटायर हुए अपनी कार के ड्राईवर इम्तियाजुद्दीन को घर छोड़ने जाते हुए।

## फडणवीस पर भड़के राउत, बोले-अपने नेताओं से पूछें ढांचा गिराने में शिवसेना की क्या भूमिका थी?



मुंबई / यूटर्नः शिवसेना नेता व सांसद संजय राउत ने महाराष्ट्र के पूर्व सीएम व भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस पर पलटवार किया। राउत ने फडणवीस के इस दावे कि अयोध्या में ढांचा ढहाए जाते वक्त कोई शिवसेना नेता मौजूद नहीं था, पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। राउत ने कहा कि भाजपा को अपने नेताओं से पूछना चाहिए कि ढांचा गिराने में शिवसेना की क्या भूमिका थी? पत्रकारों से चर्चा में राउत ने दावा किया कि भाजपा और उसकी सहयोगी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना बेरोजगारी, मुद्रास्फीति और चीनी घुसपैठ जैसे मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए हनुमान चालीसा और अयोध्या के मुद्दों को उठाने की कोशिश कर रहे हैं। शिवसेना नेता ने कहा कि यदि कोई कहता है कि बाबरी मस्जिद को गिराए जाने के समय शिव सैनिक कहां थे? (तब) उन्हें अपने नेता (स्व.) सुंदर सिंह भंडारी से पूछना चाहिए कि शिवसेना कहां थी। उस समय की सीबीआई व आईबी रिपोर्ट की जांच करें। राउत ने कहा कि जिन लोगों को पता नहीं है कि उस वक्त शिवसेना कहां थी, तो उन्हें इसका जवाब मिलेगा। परिस्थिति बदल गई है, इसलिए मुद्दों पर बात कीजिए। जनता उठाए जा रहे मुद्दों पर ध्यान नहीं देगी। इससे पहले पूर्व सीएम फडणवीस ने रविवार को शिवसेना पर हमला बोलते हुए कहा था कि वह खुद अयोध्या में उस दिन मौजूद थे।

Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma